हरिभूमि

# सरगुजा-भूमि

बिलासपुर, रविवार, 31 मई 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

ILS HOSPITALS | TRUSTED FOR 25 Years IN EASTERN INDIA

## हर चिंता होगी दूर, ILS के सुपर-स्पेशलिस्ट्स के साथ

1

**20,000+** मरीजों का इलाज

**500+** सफल सर्जरी

**1000+** कैथ लैब प्रक्रियाएँ

**10** सफल ट्रांसप्लांट

विश्वास और भरोसे के साथ

**Dr. Hanish Sharma**
Gastroenterology
MD, DM (Gastroenterology)

**Dr. Ajit Mishra**
Gastro intestinal Surgery
MS, MCh, Fellowship in Liver Transplant

**Dr. Dhiraj Premchandani**
Gastro intestinal Surgery
MS, FNB (Minimal Access Surgery)

**Dr. Kautuk Lohia**
Gastroenterology
DNB Gen Medicine, DrNB Medical Gastro, Fellowship in Advanced Endoscopy

**Dr. Shilika Lalwani**
Endocrinology
MD (Internal Medicine), DNB (Internal Medicine), PGDGM (Geriatric Med), DrNB Endocrinology & Metabolism

**Dr. Javed Parvez**
Cardiology (Interventional)
MD, DM (Cardiology), Post Doctoral Fellowship in Cardio Electro Physiology

**Dr. Kunal Ostwal**
Cardiology (Interventional)
MD,DM (Cardiology)

**Dr. Pratik Pandey**
Cardiothoracic and Vascular Surgery
DNB, DrNB, FIPS

**Dr. Rakesh Mishra**
Medical Oncology
MD (Radiotherapy), DM (Medical Oncology)

**Dr. Shishir Agrawal**
Radiology
DMRD, DNB

**Dr. Karan Saraf**
Nephrology
MD, DM (Nephrology)

**Dr. Rahul Kapoor**
Urology
MS, MCh (Urology)

**Dr. Manisha Sharma**
Obstetrics & Gynaecology
DGO, DNB (Obs and Gynae), DMAS, FCCS (Obs and Gynae), CIMP, FMAS

**Dr. Rakesh Singh**
Paediatric
MD, Clinical Fellowship (Neonatology)

**Dr. Vivek Mahawar**
Radiology
DMRD, DNB (Radio Diagnosis), DMRE, Fellowship (Interventional Radiology), Fellowship (Diagnostic Radiology)

**Dr. Amit Jain**
Neurosurgery
MS, MCh (Neuro Surgery)

**Dr. Bhuwan Sharma**
Neurology
MD, DM (Neurology)

**Dr. Abhishek Tripathi**
Orthopaedics
Orthopaedics & Joint Replacement, MS

**Dr. Sanjeev Mishra**
ENT
MS (ENT, Head and Neck Surgery), DNB (Otorhinolaryngology)

**Dr. Nidhi Gupta**
Pathology
DNB (Pathology)

**Dr. Sonal Bajpayee**
Critical Care
DNB (Anaesthesiology), DCCM - Critical Care Medicine

**Dr. Abhinav Shukla**
Anaesthesiology
DNB (Anaesthesiology)

**Dr. Gayatri Chaudhari**
Critical Care
MD (Anaesthesiology)

**Dr. Yagya Prakash**
Emergency Medicine
MEM

**Dr. Manisa Sahu**
Microbiology
MD (Microbiology), DNB (Microbiology)

**Dr. Chandramani Sidar**
Internal Medicine
MD (Internal Medicine)

**Dr. Priyanka Khatri**
Internal Medicine
MD (Internal Medicine), PGDCM

**Dr. B. Balakrishna**
Pulmonology & Chest Medicine
DNB (Pulmonary Medicine)

**Dr. Isha Kaur Bagga**
Oral & Maxillofacial Surgery
BDS, MDS (Oral and Maxillofacial Surgery and Implantology)

**Dr. Ekta Jain**
Opthalmology
DNB (Ophthalmology), FICO

**Dr. Vikash Dwivedi**
Physiotherapy - PMR Physical and Medical Rehabilitation
BPT, MPT, PhD (Physiotherapy), BSW, PGDRD

Scan to book an appointment today.




## एक साल आपके साथ

ILS रायपुर | पचपेड़ी नाका

★★★★★ 4.9 out of 5 stars

आज ही संपर्क करें ILS 0771 488 8000

खबर संक्षेप

## विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस कार्यक्रम

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी एनएस रावते के मार्गदर्शन में जिला पंचायत संसाधन केन्द्र बैकुंठपुर के प्रशिक्षण कक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बस्ता एजकेशन एंड हेल्थ फाउंडेशन के प्रोजेक्ट आरूग अभियान की प्रतिनिधि शामिल हुई, इनके द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को माहवारी स्वच्छता के संबंध में विस्तृत जानकारी दी, जिसमें रूढ़िवादिता एवं माहवारी संबंधित भ्रांतियों के संबंध में बृहद रूप से चर्चा करते हुए, सभी प्रतिभागियों को स्वच्छता किट प्रदान किया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों को मासिक धर्म स्वच्छता के संबंध में जानकारी देते हुए सेनेटरी पैड का इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित करने के साथ ही बस्त एजुकेशन एंड हेल्थ फाउंडेशन के द्वारा प्रतिभागियों को रिउजेबल पेट का वितरण किया गया।

## समाज को नशामुक्त बनाने का सामूहिक संकल्प

**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले के विकासखंड भरतपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़गांवखुर्द में आयोजित सुशासन तिहार के जिला स्तरीय शिविर में 30 मई को बेहद महत्वपूर्ण और संवेदनशील पहल की गई। 31 मई को मनाए जाने वाले विश्व तंबाकू निषेध दिवस और देशव्यापी नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शिविर में उपस्थित समस्तजन को नशे से दूर रहने और एक स्वस्थ समाज के निर्माण की शपथ दिलाई गई। समाज कल्याण विभाग के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में शिविर स्थल पर मौजूद सभी ग्रामीणों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पंचायत पदाधिकारियों तथा जिला व ब्लॉक स्तर के अधिकारी-कर्मचारियों ने नशामुक्ति का संकल्प लिया।

### अटल आरोग्य लैब में 136 प्रकार की जांचें होंगी नि:शुल्क

# स्वास्थ्य मंत्री बोले- मई 2027 में होगा नए जिला अस्पताल का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले के स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 30 मई की तारीख ऐतिहासिक रहा। जिला अस्पताल परिसर में प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सरडी में बनने वाले नवीन शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय का विधिवत भूमिपूजन किया तथा अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित अटल आरोग्य लैब और नव निर्मित दवा वितरण कक्ष का लोकार्पण किया।

भूमिपूजन एवं लोकार्पण के बाद स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि कोरिया जिले में नर्सिंग कॉलेज की स्थापना क्षेत्र के युवाओं के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलेगी। अब विद्यार्थियों को नर्सिंग शिक्षा के लिए दूसरे जिलों या राज्यों का रुख नहीं करना पड़ेगा, इससे स्वास्थ्य शिक्षा को बढ़ावा मिलने के साथ रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि लगभग 8.23 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाला नर्सिंग महाविद्यालय आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में निर्माणाधीन जिला अस्पताल भवन के लिए 23 करोड़ 59 लाख रूपए की अतिरिक्त राशि स्वीकृत की गई है, जिससे अस्पताल के अधूरे कार्य पूर्ण किए जा सकेंगे। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं विधायक बैकुंठपुर भईयालाल राजवाड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित राम पैकारा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, अपर कलेक्टर एवं प्रभारी कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे, जनपद अध्यक्ष सोनहत श्रीमती आशा देवी सोनपाकर, स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष श्रीमती सुषमा कोराम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.प्रशांत सिंह, सिविल सर्जन डॉ.आयुष जायसवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष कोरिया देवेन्द्र तिवारी, जिला पंचायत सदस्य गीता राजवाड़े ,सभापति सरडी क्षेत्र क्रमांक 2 की जनपद सदस्य श्रीमती धर्मवती राजवाड़े , जिपं सदस्य श्रीमती स्नेह लता उदय, श्रीमती संगीता सोनवानी, श्रीमती शिवकुमारी, श्रीमती आशा देवी सरपंच ग्राम पंचायत सरडी, केबी जायसवाल, पंकज गुप्ता , कपिल जायसवाल, बसंत राय, अध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा श्रीमती रीता यादव, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष शैलेश शिवहरे, मंडल अध्यक्ष भाजपा सुभाष साहू, अनिल खटीक, पूर्व युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अंचल किशोर राजवाड़े, मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, श्रीमती मंजू जीवनानी, शहर मंडल अध्यक्ष चरचा दीपा विश्वकर्मा, विधायक प्रतिनिधि महेन्द्र प्रताप सिंह, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सतेन्द्र राजवाड़े, बिजेन्द्र जायसवाल, आशीष शुक्ला, अभय कुमार दुबे, सौरव दुबे, रजनीश गुप्ता, शहीद अशरफी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



मंच पर उपस्थित मंत्री समेत अन्य।



संबोधित करते स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल।


अटल आरोग्य लैब का किया गया शुभारंभ।

### एक साथ 110 सेंपल की हो सकेगी जांच

स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने अटल आरोग्य लैब को जिले के लिए बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि इस आधुनिक प्रयोगशाला में एक बार में लगभग 110 नमूनों की जांच की जा सकेगी। यहां 136 प्रकार की विभिन्न जांचें पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने कहा कि अब मरीजों को महंगी जांचों के लिए निजी लैबों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। जिला अस्पताल में ही आधुनिक मशीनों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण जांच सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी। यह सुविधा विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी।

### विधायक ने रखी डेंटल कॉलेज की मांग

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े ने जिले में डेंटल कॉलेज की स्थापना की मांग रखी। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर विस्तार की आवश्यकता है तथा जिले में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी को दूर करने के लिए भी प्रयास किए जाने चाहिए। जिला कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने अपने संदेश में कहा कि निश्चित ही नर्सिंग कॉलेज की स्थापना से यहां के युवाओं को काफी सुविधा मिलेगी साथ ही अब स्वास्थ्य के क्षेत्र में कोरिया की एक नई पहचान बनेगी।

### सभापति धर्मवती ने जताई नाराजगी

नवीन शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय के भूमिपूजन कार्यक्रम में मंत्री समेत अन्य जनप्रतिनिधियों के नाम शिलापट्ट पर अंकित किए गए। वहीं जनपद पंचायत बैकुंठपुर की सभापति एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती धर्मवती राजवाड़े का नाम शिलापट्ट एवं आमंत्रण पत्र में शामिल नहीं किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की गई। उन्होंने इस विषय पर आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि जनता द्वारा निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को उचित सम्मान मिलना चाहिए, क्योंकि कॉलेज की सौगात उनके क्षेत्र सरडी में मिल रही है। हालांकि इस पूरे मामले पर सीएमएचओ डॉ. प्रशांत सिंह ने कहा कि इसे सुधार करा लिया जाएगा। प्रोटोकाल के हिसाब से सभी तैयारियां की गई थी।



# ज्वेलरी दुकान में चोरी दो महिला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया पुलिस ने सराफा बाजार स्थित ज्वेलरी दुकान में हुई चोरी की घटना का खुलासा सीसीटीव्ही फूटेज के आधार पर करते हुए दो महिला आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चोरी गए सोने-चांदी के आभूषणों की 100 प्रतिशत बरामदगी भी कर ली है। जानकारी के अनुसार 28 मई को बैकुंठपुर के सराफा बाजार स्थित एक ज्वेलरी दुकान में ग्राहक बनकर पहुंची दो महिलाओं ने करीब 62 हजार रूपए मूल्य के सोने एवं चांदी के आभूषण पार कर दिए थे।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. सुरेशा चौबे के नेतृत्व में थाना बैकुंठपुर और साइबर सेल की संयुक्त विशेष टीम सक्रिय हो गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्वयं मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और मुखबीर सूचना के आधार पर त्वरित जांच शुरू की। जांच के दौरान दोनों महिला आरोपियों की पहचान कर उन्हें हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गए लगभग 62 हजार रूपए मूल्य के सोने एवं चांदी के आभूषण बरामद कर लिए। गिरफ्तार आरोपियों में बैकुंठपुर केनापारा निवासी 19 वर्षीय खुशबू सोनवानी एवं 35 वर्षीय सुनीता सोनवानी शामिल हैं। मामले में थाना बैकुंठपुर में अपराध क्रमांक 171/2026 के तहत धारा 305 (अ) एवं 3(5) बीएनएस के अंतर्गत अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।


गिरफ्तार आरोपी।

### सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दर्ज हुआ था मामला

दुकान संचालक डबरीपारा निवासी आयुष सोनी की अंकित ज्वेलरी आर्ट नाम से दुकान संचालित है। शिकायतकर्ता के अनुसार 28 मई की शाम करीब 4:30 बजे एक महिला अपनी बेटी के साथ दुकान पहुंची और सोने-चांदी के आभूषण देखने लगी। दोनों ने दो सोने की नाक की कील और एक चांदी की चेन खरीदी, जिसकी कुल कीमत 10,930 रूपए बताई गई। इनमें से 6,300 रूपए नकद जमा किए गए, जबकि शेष 4,630 रूपए उधार दर्ज कर बिल बनवाया गया। दुकानदार के मुताबिक ग्राहकों के जाने केबाद जेवरों की गिनती करने पर कुछ सामान कम मिला। संदेह होने पर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की गई। फुटेज में कथित तौर पर एक चांदी की चेन लगभग 37 ग्राम, एक जोड़ी सोने की बाली करीब 2.970 ग्राम तथा दो सोने की नाक की कील चोरी करते हुए दिखाई देने का दावा किया गया है। चोरी गए आभूषणों की कुल अनुमानित कीमत लगभग 63,200 रूपए बताई गई है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि सीसीटीवी फुटेज और अन्य जानकारी के आधार पर संबंधित महिला एवं युवती की पहचान केनापारा निवासी एक व्यक्ति की पत्नी और बेटी के रूप में हुई है। फुटेज सुरक्षित रखी गई है तथा चोरी हुए सोने के आभूषणों पर हॉलमार्क का निशान होने की बात भी कही गई है।

# झुमका डेम बोट क्लब में कर्मचारियों से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

झुमका डेम बोट क्लब में हुए विवाद के बाद बोट क्लब संचालक एवं कर्मचारियों के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के संबंध में पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सलगवां कला निवासी विकेश कुमार जायसवाल पिता राजेश कुमार जायसवाल जो झुमका डेम बोट क्लब का संचालन करते हैं। 28 मई की शाम लगभग 6 बजे क्लब पहुंचे, वहां उन्होंने देखा कि उनके कर्मचारी रामनारायण राजवाड़े, अनूप राजवाड़े, रमेश राजवाड़े तथा कैंटीन कर्मचारी सुभाष चेरवा के साथ कुछ लोग गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर रहे थे। शिकायत के अनुसार ओड़गी नाका बैकुंठपुर निवासी अरबाज और उसके अन्य साथियों पर आरोप है कि उन्होंने कर्मचारियों को गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंचे बोट क्लब संचालक के साथ भी कथित रूप से मारपीट की गई और उन्हें घर लौटते समय शिवघाट में जान से मारकर पहाड़ी के नीचे फेंक देने की धमकी दी गई। बताया गया कि विवाद की शुरूआत बोट क्लब परिसर के अंदर खड़ी मोटरसाइकिल को लेकर हुई। कर्मचारियों के अनुसार गेट के अंदर खड़ी मोटरसाइकिल को बाहर निर्धारित पार्किंग में खड़ा करने की बात कहने पर आरोपी पक्ष नाराज हो गया और विवाद बढ़ गया। मारपीट में संचालक को बाएं गाल, दाहिनी भुजा और सीने में चोट आई है। वहीं रामनारायण राजवाड़े को पीठ एवं दाहिने गाल में, सुभाष चेरवा को सीने और दाहिनी जांघ में तथा रमेश कुमार को गर्दन और सिर में चोट लगने की जानकारी दी गई है। घटना के दौरान दिलबरन राजवाड़े, प्रताप राजवाड़े, राज अगरिया और राहुल साहू ने बीच-बचाव किया, इन्हें घटना का प्रत्यक्षदर्शी बताया गया है। पुलिस शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 115 (2), 296, 3 (5) एवं 351 (2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


सीसीटीवी में कैद घटना।

## एनएचएम कर्मचारियों को मिलेगा इंश्योरेंस कवर

**मनेन्द्रगढ़।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम के अंतर्गत कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के हित में स्वास्थ्य विभाग ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। शासन द्वारा बैंक ऑफ इंडिया के साथ एमओयू निष्पादित किए जाने की अनुमति प्रदान की गई है, जिसके तहत एनएचएम के उन अधिकारियों एवं कर्मचारियों को, जिनका वेतन खाता बैंक ऑफ इंडिया में संचालित है, 6 लाख का निःशुल्क लाइफ टर्म इंश्योरेंस कवर उपलब्ध कराया जाएगा। यह बीमा कवर सामान्य मृत्यु की स्थिति में प्रदान किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस व्यवस्था के लिए राज्य सरकार या राष्टीय स्वास्थ्य मिशन पर किसी भी प्रकार का अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं आएगा। साथ ही बैंक ऑफ इंडिया द्वारा प्रस्तावित समस्त सुविधाएं कर्मचारियों को उपलब्ध कराई जाएंगी। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा है कि इस पहल से राष्टीय स्वास्थ्य मिशन के हजारों अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा का अतिरिक्त लाभ मिलेगा तथा उनके परिवारों को आर्थिक संबल प्राप्त होगा।

# घेराबंदी कर पुलिस ने पकड़ा नशे के सौदागर को

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

- अवैध नशे के करोबार के खिलाफ अभियान

पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा एवं पुलिस अधीक्षक एमसीबी श्रीमती रत्ना सिंह के निर्देशानुसार जिलेभर में अवैध नशे के कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक और एसडीओपी जनकपुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जनकपुर निरीक्षक कमलेश देवांगन द्वारा विशेष टीम गठित की गई थी।

28 मई को उप निरीक्षक जेडी कुशवाहा पुलिस टीम के साथ वाहन चेकिंग और रोड पेट्रोलिंग पर देवगढ़ क्षेत्र में मौजूद रहे। इसी दौरान मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि जनकपुर निवासी सन्नी शर्मा उर्फ निखिल कुमार शर्मा अपनी बजाज सीटी 100 मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 29 ए 0966 से माडीसरई की ओर से देवगढ़ होते हुए जनकपुर जा रहा है तथा उसके पास बिक्री और खपाने के उद्देश्य से नशीला सिरप रखा हुआ है। सूचना के बाद पुलिस टीम ने देवगढ़ मेन रोड के पास घेराबंदी की। कुछ देर बाद संदिग्ध युवक मोटरसाइकिल से आता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर वह वाहन छोड़कर भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन पुलिस और गवाहों की मदद से उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम सन्नी शर्मा उर्फ निखिल कुमार शर्मा पिता सुभाष शर्मा उम्र 32 वर्ष निवासी संगम चौक जनकपुर बताया। पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों की जानकारी देने के बाद आरोपी की सहमति से उसके पास मौजूद संतरे रंग के झोले की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान झोले से ओएनईआरई नामक 100 एमएल की कुल 14 सीलबंद शीशियां बरामद हुईं।



**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं विकास कुमार कश्यप पिता. काशीनाथ कश्यप, उम्र 41 वर्ष निवासी रिंग रोड मायापुर चांदनी चौक वार्ड न.31 तह.अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. का निम्न कथन करता/करती हूँ, मैं शपथ पूर्वक कथन करता/करती हूँ कि में उपरोक्त पते का निवासी हूँ। मेरी पुत्री का नाम शान्वी कश्यप (Shanvi Kashyap) है, जिसके नाम से एक आधार कार्ड बना हुआ है, जिसका आधार क्रमांक 3080 7981 6068 है, जिसमे मेरी पुत्री का नाम शालू कश्यप (Shalu Kashyap) दर्ज हो गया है, जोकि त्रुटि पूर्ण है, जबकि मेरी पुत्री का सही नाम शान्वी कश्यप (Shanvi Kashyap) है, जोकि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज है, जिसका जन्म प्रमाण पत्र मुझे जिला अस्पताल अम्बिकापुर से दिनांक 11.05.2026 को दिया गया था, जिसका पंजीकरण संख्या 2168/43 है। मैं मेरी पुत्री के आधार कार्ड में मेरी पुत्री का सही नाम शान्वी कश्यप (Shanvi Kashyap) दर्ज कराने बावत यह स्वयं का शपथ पत्र प्रस्तुत कर रही/रहा हूँ। जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

भवदीय
विकास कुमार कश्यप
आ. काशीनाथ कश्यप
निवासी-रिंग रोड मायापुर चांदनी चौक वार्ड क्र.31 तह.अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग.

सरगुजा मार्केट

TOP IN SURGUJA

## अमृतधारा जलप्रपात में युवक ने लगाई छलांग, मौत

**मनेन्द्रगढ़।** जिले के प्रसिद्ध अमृतधारा जलप्रपात में शनिवार शाम एक युवक की झरने से गिरने के कारण मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शव को पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार अमृतधारा निवासी रघुवर सिंह (35 वर्ष), पिता रूद्र सिंह पिछले करीब दो वर्षों से मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहा था। परिजनों द्वारा उसका उपचार भी कराया जा रहा था और बीच-बीच में उसकी स्थिति में सुधार भी हो जाता था, लेकिन बाद में फिर तबीयत बिगड़ जाती थी। बताया जा रहा है कि शनिवार शाम लगभग 4 बजे रघुवर अमृतधारा जलप्रपात की ओर गया था। इसी दौरान उसने अचानक झरने से छलांग लगा दी। ऊंचाई से नीचे गिरने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं सूचना मिलने पर नागपुर चौकी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। इसके बाद शव को मर्चुरी में रखवाकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

हमारी सेवाएं
गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल
सुरक्षित प्रसव सुविधा
बांझपन परामर्श एवं उपचार
पीसीओडी/पीसीओएस उपचार
महिला रोगों की जांच व इलाज
सोनोग्राफी एवं आधुनिक सुविधाएं
डिलीवरी (नार्मल एवं सिजेरियन)
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
DR. SONAL DUBEY
MBBS, MS
(OBSTETRICS & GYNAECOLOGY LAPAROSCOPIC SURGEON

प्रसिद्ध मनोरोग, नशा मुक्ति व सेक्सोलॉजिस्ट विशेषज्ञ
आपके शहर अंबिकापुर में उपलब्ध
डॉ. निशांत कुमार साहू
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मनोरोग) मद्रास मेडिकल कॉलेज (चेन्नई)
मनोरोग, नशामुक्ति व सेक्सोलॉजिस्ट विशेषज्ञ
उपलब्ध उपचार
माह के प्रथम रविवार 07 जून को अंबिकापुर में उपलब्ध
उदासी, चिन्ता, घबराहट, डर, चिड़चिड़ापन, गुस्सा, निंद की कमी, उन्माद, आत्महत्या के विचार, पागलपन, अजीब अभास या सोच, शक करना, किसी काम में मन न लगना, सिरदर्द, असामान्य दर्द, मिर्गी या झटका, बच्चों में चंचलता, बच्चों एवं बुजुर्गों में याददास्त की कमी, मंदबुद्धि, सेक्स समस्या, शराब एवं अन्य नशों की लत।
एस.आर.एस. हॉस्पिटल, जिला हॉस्पिटल रोड, अंबिकापुर 7987779819, 7880289133

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छतीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोडों का दर्द • नसों का रोग
त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 07 जून, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर
गायत्री हॉस्पिटल
सिर, कमर, हाथ, पैर में दर्द,
सिर की चोट (हेड इन्जुरी)
रीढ़ की हड्डी की चोट
ब्रेन ट्यूमर, स्पाईनल ट्यूमर
बच्चों में बड़ा सिर (हाइड्रोसिफेल
पीठ में फोड़ा (मैनिनगोसील)
माइक्रो एण्डोस्कोपी
लकवा, सियाटिका
स्लिप डिस्क आदि का ईलाज

डॉ.कल्पना दाश
M.B.B.S, MD., DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हास्पिटल, रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर, थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जॉच एवं उपचार हेतु।
दिनाँक -31 मई, 2026
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
दिनांक - 06 जून 2026, शनिवार, समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ भाविक शाह
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (चौथा रविवार)
डॉ संजय अग्रवाल
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (दूसरा रविवार)
डॉ अमित मुखर्जी
स्पाइन और ब्रेन सर्जरी
हर महीने के चौथे रविवार
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा।
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समय:- दोपहर 02 बजे से रात्रि 8 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार, 31 मई 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 स्वास्थ्य मंत्री बोले- मई 2027 में होगा नए जिला अस्पताल का लोकार्पण






## खबर संक्षेप

### रजपुरीकला में कुम्हार समाज की सम्मलेन आज

**रजपुरी कला।** जिला स्तरीय कुम्हार समाज की सम्मेलन लखनपुर ब्लाक के ग्राम रजपुरीकला में 31 मई की दोपहर 3 बजे आयोजित किया गया है। इस सम्मेलन में छत्तीसगढ़ . माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष शंभूनाथ चक्रवर्ती शामिल होंगे। कुम्हार समाज के जिला अध्यक्ष शंकर प्रजापति ने इस सम्मेलन में अधिक से अधिक लोगों को शामिल होने कहा है।

### सुरेश जायसवाल को मिला विद्या वाचस्पति का सम्मान

**अम्बिकापुर।** हिन्दी व सरगुजिहा के सुप्रसिद्ध कवि सुरेश प्रसाद जायसवाल निश्छल को काशी विद्यापीठ द्वारा विद्या वाचस्पति की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। हिन्दी पत्रिका कहानिका एवं महिला कल्याण समिति, ढोरी द्वारा विगत दिनों मैहर में आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन सह-सम्मान समारोह में कहानिका मां शारदा काव्य महारथी सम्मान एवं उम्मीदों के शिखर पर बहुभाषी काव्य संग्रह में सरगुजिहा अनुवाद के लिए उन्हे आत्मसृजन प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है। सुरेश जायसवाल की अब तक 27 पुस्तके प्रकाशित हो चुकी है। वे तुलसी साहित्य समिति के संरक्षक है।

### लोनर दंतैल हुआ खतरनाक, अंधेरा होते ही पहुंच जा रहा बस्ती के निकट

**धौरपुर।** पिछले 10 दिनों से कोतरी जंगल में मौजूद अकेले घूम रहा दंतैल आक्रामक हो गया है तथा अंधेरा होते ही आबादी क्षेत्र के निकट पहुंच जा रहा है। दंतैल लगातार मक्के व सब्जियों की फसल रौंदकर तबाह कर रहा है। दंतैल के आक्रामक स्वभाव को देखते हुए ग्रामीण दहशत के बीच रातें गुजार रहे हैं। कोतरी जंगल में मौजूद दंतैल पिछले 10 दिनों से ग्राम किसुनपुर, पड़ौली, खुरण्डी एवं जमीरा में ग्रीष्मकालीन मक्का, खीरा, टमाटर सहित अन्य सब्जियों की फसल को तबाह कर रहा है। रोज-रोज की क्षति से परेशान किसानों ने बीच में शोर मचाकर दंतैल को जंगल की ओर खदेड़ने की कोशिश की तो दंतैल आक्रोशित हो गया तथा ग्रामीणों को दौड़ाने लगा। दंतैल द्वारा तोड़-फोड़ नहीं मचाने से ग्रामीण उसे सीधा मानते थे। दंतैल के आक्रामक स्वभाव को देखते हुए ग्रामीण दहशत में हैं। ग्रामीणों ने बताया कि मक्का की फसल तैयार हो गई है जबकि सब्जियों की फसल में अभी फलन शुरू नहीं हुआ है। दंतैल द्वारा फसलों को रौंदने से उन्हें भारी आर्थिक क्षति हो रही है। विभाग से लागत का चौथाई हिस्सा भी मुआवजा नहीं मिल रहा है।

नगर पंचायत शिवनंदनपुर में चुनाव प्रचार का आखिरी दिन

# विकास के संकल्प के साथ डिप्टी सीएम साव बोले -कायाकल्प करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर/विश्रामपुर

नगर पंचायत शिवनंदनपुर में उपचुनाव के तहत प्रचार अभियान के आखिरी दिन भाजपा व कांग्रेस ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी। आम आदमी पार्टी के प्रचारक भी कुछ इलाकों में दिखाई दिए। जिले की नगर पंचायत शिवनंदनपुर में पहली बार हो रहे आम चुनाव को लेकर मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है तो दूसरी ओर राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता मैदान में पसीना बहाते दिखाई दे रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी रितेश जायसवाल के पक्ष में उप मुख्यमंत्री अरूण साव, प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल, पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल व स्थानीय विधायक व महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े सहित विधायक भूलन सिंह मरावी, सांसद सरगुजा चिंतामणि महाराज ने जमकर प्रचार किया ,तो चुनाव प्रभारी पूर्व विधायक रजनीश सिंह की कुशल रणनीति में भाजपा कार्यकर्ता चुनाव में डटे हुए हैं ।



**शिवनंदनपुर का कायाकल्प करेंगे, मास्टर प्लान तैयार**

उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने अपनी सभा जिस तरह विरोधियों पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी दल कांग्रेस लूट के इरादे से नगर पंचायत पर कब्जा करना चाह रहे हैं जबकि भाजपा शिवनंदनपुर के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत के गठन के एक वर्ष में करोड़ों के विकास कार्य स्वीकृत हुए हैं नगर विकास के लिए मास्टर प्लान तैयार कर शिवनंदनपुर का कायाकल्प किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस चुनावी मैदान में कही एकजुट दिखाई नहीं दे रही है तो कांग्रेसी नेताओं के हालिया बयान भी सिर दर्द बने हुए हैं नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत के जगदगुरु रामभद्राचार्य पर की गई टिप्पणी व कांग्रेस प्रत्याशी के एसआइआर में कटे बाहरी घुसपैठियों के नाम फिर से जुड़वाने की बात शहरी मतदाताओं में चर्चा के केंद्र में है।

नगर पंचायत शिवनंदनपुर के चुनाव में स्थानीय मुद्दे के अलावा राष्ट्रीय मुद्दे भी मतदाताओं के बीच चर्चा में हैं। आम मतदाता सड़क पानी जैसे बुनियादी सुविधाओं के अलावा आंतरिक सुरक्षा, एसआइआर जैसे मुद्दे पर भी बात कर रहे हैं। बेहतर चुनाव प्रबंधन व कुशल रणनीति से भाजपा इस चुनाव में मजबूत दिखाई दे रही है। भाजपा प्रत्याशी की सहज छवि भी इसका प्रमुख कारण है ।

**कांग्रेस किसके लिए आंदोलन कर रही जनता जानती है**

शिवनंदनपुर चुनावी सभा में उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने गत दिनों एक मामले में थाना घेराव में कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, टीएस सिंह देव व पीसीसी चीफ दीपक बैज के एक साथ मौजूदगी पर तंज कसते हुए कहा कि आलाकमान के नजरों सभी अपनी राजनीतिक वजूद साबित करने के लिए पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में प्रदेश से गुंडाराज खत्म हो चुका है।और शिवनंदनपुर की जनता जानती है कि जिसके लिए कांग्रेस आंदोलन कर रही है वो किस तरह की छवि का व्यक्ति है।

# जेडी हेल्थ देर रात पहुंचे सीएचसी बतौली और पीएचसी लुंड्रा

**अम्बिकापुर।** संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल कुमार शुक्ला ने बीती रात जिले के बतौली और लुंड्रा के अस्पतालों के निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों के अनुपस्थित रहने को लेकर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल के वार्ड में साफ सफाई की कमी को लेकर नाराजगी व्यक्त की।



बताया जा रहा है कि संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल कुमार शुक्ला 29 मई की रात 10 बजे जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लुंड्रा पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के वार्डों का निरीक्षण किया और वार्डों में गंदगी पाए जाने पर नाराजगी जाहिर की। वहीं सुरक्षा गार्ड की कमी को लेकर उन्होंने सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था जीवन दीप से रखने हेतु निर्देशित किया। आयुष्मान कार्ड के संबंध में चर्चा किया गया। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के काउंसलिंग हेतु निर्देशित किया गया। जेडी ने उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया, इस दौरान अनुपस्थित फार्मासिस्ट आयुष जन्मती सिदार 1 दिवस, वार्ड बॉय अरुण कुमार को दो दिन गायब रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

उन्होंने नोटिस का जवाब सन्तोषनजक नहीं होने पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके पहले जेडी डॉ. शुक्ला रात 9.5 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बतौली पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में महिला और पुरुष मरीजों को निर्धारित वार्ड में ही भर्ती करने का निर्देश दिया।उन्होंने शासन के योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक प्रदर्शित करने, सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों में शत प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करने हेतु सभी मैदानी कर्मचारियों अधिकारियों की बैठक लेने हेतु निर्देशित किया गया। सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था जीवन दीप से रखने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने अस्पताल में मरीजों को मिलने वाले भोजन की जानकारी लेने के साथ ही रसोई घर के जर्जर भवन की मरम्मत हेतु उच्च कार्यालय को पत्र प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि आईसीयू रूम में साफ सफाई राखी जाए। अस्पताल में एम्बुलेंस और उनके चालकों के नाम नोटिस बोर्ड में चस्पा किए जाए।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक

**सीतापुर।** विधायक -नायब तहसीलदार विवाद के तीन दिन बाद भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने स्थानीय विश्राम गृह में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि विगत दिनों ग्राम राजापुर में विधायक रामकुमार टोप्पो एवं नायब तहसीलदार के बीच जो विवाद की स्थिति निर्मित हुई थी वह मामला पूरी तरह कानून के पाले में है इसलिए आप सभी कार्यकर्ताओ को जोश से नही होश से काम लेना है ताकि आगे कोई विषम परिस्थिति उत्पन्न न हो सके। जिलाध्यक्ष ने कहा कि विधायक की गिरफ्तारी को लेकर समर्थकों द्वारा विरोध प्रदर्शन या नारेबाजी आम बात है। उन्होंने कहा कि यह मामला सरकार के मुखिया समेत संगठन के मुखिया तक पहुंच गया है। अब आगे उनके द्वारा जो भी दिशानिर्देश जारी होगा उसके अनुरूप ही अब आगे की रूपरेखा तय की जायेगी। इस दौरान विधायक रामकुमार टोप्पो ने कहा कि जिस उत्साह और जोश के साथ मेरे विधानसभा क्षेत्र के साथियों एवं समर्थकों ने मेरा साथ दिया है उसे मैं कभी नही भूलूंगा। इसलिए मैंने निर्णय लिया था कि मेरी वजह से अधिकारी कर्मचारी हड़ताल पर बैठे और लोगों का काम रुके इससे पहले मैं अपनी गिरफ्तारी दे दूंगा लेकिन कार्यकर्ता एवं समर्थक नही माने और साथ मे जेल जाने की जिद करते हुए सड़क पर लेटकर रास्ता अवरुद्ध कर दिया। मजबूरन मुझे कार्यकर्ताओं की जिद की वजह से वापस आना पड़ा। मैं नही चाहता कि मेरी वजह से जनता को किसी तरह की परेशानी हो या उनका कोई काम रुके। इस दौरान महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, जिपं अध्यक्ष निरूपा सिंह, ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, भाजपा जिला महामंत्री अरुणा सिंह, विनोद हर्ष, जन्मजेय मिश्रा, नीलेश सिंह, मनोज कंसारी, विधायक प्रतिनिधि श्रवण दास, मंडल अध्यक्ष त्रिलोचन सदावर्ती, पार्षद नीरू मिस्त्री, स्नेहलता गुप्ता, सुनील गुप्ता, नेमलाल गुप्ता, संध्या जायसवाल, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष किशन उपाध्याय, महामंत्री संकेत गुप्ता, संजय गुप्ता, राजकुमार गुप्ता समेत अन्य मौजूद थे।



## ड्रामेबाजी कर रहे विधायक : अमरजीत

**अंबिकापुर/सीतापुर।** विधायक राम कुमार टोप्पो और नायब तहसीलदार तुषार मानिक के बीच शुरू हुवा विवाद फिलहाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी अभी भी विधायक के गिरफ्तारी की मांग पर अड़े है तो वहीं भाजपा भी अपने विधायक के समर्थन में सड़क पर उतर आई है। इस बीच पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने विधायक राम कुमार टोप्पो द्वारा गिरफ्तारी देने आईजी कार्यालय जाने और फिर कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन के बीच वापस लौट आने को ड्रामेबाजी करार दिया है। पूर्व मंत्री श्री भगत ने कहा कि विष्णुदेव साय के सुशासन में बड़े-बड़े ड्रामे हो रहे हैं। मामला दर्ज हुआ है। आपको सरेंडर करना है, तो थाना बगल में है। आपको ड्रामे करने की क्या जरूरत है। अभी तक तो हम नहीं सुने हैं कि कोई आईजी के यहां सरेंडर करने आता है। पूर्व मंत्री ने कहा कि विधायक ड्रामेबाजी कर रहे हैं। पुलिस भी यहां पंगु साबित हो रही है। किसी पर अपराध दर्ज है और वह आपके सामने रैली निकाल रहा है।



## गागर नदी में नहाने के दौरान डूबा युवक

**राजपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत गागर नदी पुल के 50 मीटर नीचे शनिवार सुबह एक 22 वर्षीय युवक के डूब जाने की घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही राजपुर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक की तलाश शुरू कर दी, लेकिन देर शाम तक उसका कोई पता नहीं चल सका। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम डकवा में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद शनिवार सुबह करीब 10 बजे लगभग 10 युवक गागर नदी में नहाने के लिए गए थे। इसी दौरान बरियों उरांव पारा निवासी 22 वर्षीय फुलसाय लकड़ा आ. सुरेंद्र लकड़ा, नदी के गहरे हिस्से में पहुंच गया और पानी में डूब गया। साथियों द्वारा उसे बचाने का प्रयास किया गया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। घटना की जानकारी मिलते ही राजपुर पुलिस का अमला मौके पर पहुंचा। नदी में पानी की अधिक गहराई के कारण युवक का पता लगाने में कठिनाई हुई। युवक की तलाश के लिए बलरामपुर से गोताखोरों की टीम बुलाई गई, जिसने पूरे दिन नदी में सर्च अभियान चलाया।



## एसडीएम के नेतृत्व में उर्वरक विक्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण, अनियमितता मिलने पर जारी किया नोटिस

**डांड़गांव।** कलेक्टर के निर्देशानुसार खेती के सीजन में किसानों को गुणवत्तापूर्ण और निर्धारित दर पर खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन सख्त हो गया है। इसी क्रम में एसडीएम रामराज सिंह के नेतृत्व में कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने क्षेत्र के उर्वरक विक्रय केंद्र में. शिवम बीज भंडार उदयपुर में अनिल ट्रेडर्स सलका, मे जायसवाल कृषि सेवा केंद्र सलका का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान टीम ने दुकानों में स्टॉक पंजी, मूल्य सूची प्रदर्शन और पीओएस मशीन से बिक्री की स्थिति की बारीकी से जांच की। जांच के दौरान कुछ केंद्रों पर स्टॉक बोर्ड प्रदर्शित न करने, स्टॉक रजिस्टर में एंट्री अधूरी मिलने और मूल्य सूची नहीं लगाने जैसी गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। एसडीएम ने इन गड़बड़ियों पर कड़ी नाराजगी जताते हुए संबंधित उर्वरक विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी है कि निर्धारित समय सीमा में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर दुकान का लाइसेंस निलंबित या निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने कहा कि किसानों के हितों से खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि कोई भी विक्रेता खाद की कालाबाजारी, ओवररेटिंग या जमाखोरी करते हुए पाया गया, तो उसके खिलाफ उर्वरक नियंत्रण आदेश के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन द्वारा आगे भी इस तरह के औचक निरीक्षण लगातार जारी रहेंगे।



## वाहन की टक्कर से बाइक सवार ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** गैस सिलेंडर भरवा कर घर लौट रहे बाइक सवार को अज्ञात वाहन के चालक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम शिवपुर डेबरी निवासी धनराज रवि आ. सरिफा राम (40 वर्ष) गत दिन गैस सिलेंडर भरवाने राजपुर क्षेत्र में आया था। गैस सिलेडर भरवाने के पश्चात बाइक से वापस घर लौटने लगा और जैसे ही ग्राम हरितमा के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार मौके पर ही अचेत हो गया। भाई डेढ़ लाल तत्काल मौके पर पहुंचा तो पता चला कि घायल को स्थानीय अस्पताल में पुलिस कर्मियों ने भर्ती करा दिया है। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत घायल को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## फल दुकानों की जांच में मिले फफूंद लगे संतरा एवं फर्जी स्टीकर लगे सेब

**अम्बिकापुर।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने गुरूवार को अभियान चलाकर फल दुकानों की जांच की एवं शंका के आधार पर विभिन्न फलों का नमूना एकत्र किया।

फलों को पकाने के लिए जहरीले रसायनों एवं कार्बाइड का उपयोग करने की शिकायत पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने गुरूवार को थोक फल विक्रेताओं के दुकानों की जांच की। सुबह 11 बजे जैसे ही टीम ने जांच शुरू की कई थोक फल विक्रेता अपनी दुकानें बंद कर भाग निकले। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम सबसे पहले साईं फ्रूट कंपनी पहुंची। दुकान में उपलब्ध फलों का जायजा लेने के बाद टीम ने व्यवसाई के गैस चेम्बर की जांच की। गैस चेम्बर में 6.5 क्विंटल फफूंद लगा संतरा रखा मिला जिसे तत्काल ननि के कचरा वाहन में फेंकवाया गया। अधिकारियों ने खराब हो चुके संतरा को गौर चेम्बर में संरक्षित रखने पर नाराजगी जताई तथा भविष्य में ऐस करते पाए जाने पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी। टीम खुड़ियारानी फ्रुट कंपनी में पहुंची तो कर्मचारी सेव के फल में स्टीकर लगाते मिले। कर्मचारी अधिक कीमत पर सेव खपाने के लिए शासन के निर्देश के विरूद्ध प्रोड्यूस ऑफ ब्राजील का फर्जी स्टीकर लगा रहे थे।



# दिन में छाया अंधेरा, तेज हवा के साथ हुई मूसलाधार वर्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

पूरे दिन धूप निकलने के बाद शनिवार को शाम आसमान पर घने काले बादलों की सक्रियता बढ़ते ही अंधेरा छा गया तथा तेज हवा एवं गरज-चमक के साथ झमाझम बारिश हुई। मौसम कार्यालय द्वारा एक घंटे में 36.6 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई है।

- सामान्य से 4 डिग्री नीचे पहुंचा तापमान
- वातावरण में घुली ठंडक

मौसम विज्ञानी आगामी तीन-चार दिनों तक मौसम के यथावत रहने एवं कहीं-कहीं तेज रफ्तार आंधी एवं गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं ओले गिरने एवं मध्यम वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। शनिवार को सुबह रोज की तरह धूप निकली तथा सुबह 8:30 बजे आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ने के साथ ही गरज-चमक होने लगी। मौसम विज्ञानी पूरे सरगुजा संभाग में तेज हवा के साथ व्यापक वर्षा होने की बात कह रहे हैं।





**तेजी से गिरा तापमान**

मौसम में आए बदलाव के कारण शनिवार को इस बार पहली बार ऐसी स्थिति निर्मित हुई दिन का तापमान न्यूनतम तापमान के नीचे पहुंच गया। मौसम कार्यालय द्वारा हर दिन सुबह 7:30 बजे का तापमान रिकॉर्ड किया जाता है जो उस दिन का न्यूनतम तापमान होता है। शनिवार को सुबह न्यूनतम तापमान 25.4 डिग्री सेल्सियस जबकि शाम 5.30 बजे अधिकतम तापमान 36.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। शनिवार को दोपहर बाद तापमान 21.4 डिग्री पहुंच गया था जो न्यूनतम तापमान से 4.0 डिग्री कम है। मौसम विज्ञान की भाषा में इस घटना को लोअर मिनियम कहा जाता है। मौसम में आए बदलाव एवं मूसलाधार बारिश के प्रभाव से दिन एवं रात का तापमान सामान्य से 4-4 डिग्री नीचे पहुंच गया है।

**चरमराई शहर की विद्युत व्यवस्था**

लम्बे अर्से बाद गर्मी के मौसम में शहर की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। हालत यह है कि हवा चलते ही शहर की विद्युत आपूर्ति ठप हो जा रही है। दिन में रोज प्रायः 3-4 बार बिजली गुल हो रही है। रात में भी बिजली कटौती में कमी नहीं आ रही है। शहर के कुछ वार्डों में पूरी रात बिजली बंद हो जा रही है जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तथा शहरवासियों का आक्रोश लगातार बढ़ रहा है। खास बात है कि विभाग के अधिकारी न तो फोन रिसीव कर रहे हैं न ही उपभोक्ताओं को संतोषजनक जवाब दे रहे है। शनिवार को भी शाम 5 बजे से रात 7.45 तक शहर की विद्युत आपूर्ति ठप रही।



